Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-04-2002

Participants : Singh Shri Rampal

Need to set up a museum on the life of Buddha at Piprahwa in Domariaganj Parliamentary Constituency, U.P. and connect it by air–Laid.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज): उपाध्यक्ष महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र सिद्धार्थ नगर जनपद, उ0प्र0 में कपिलवस्तु पिपरहवा, बुद्धिस्ठ धर्म का बहुत बड़ा तीर्थस्थल है। यहां पर अभी इसी साल गौतम बुद्ध की एक प्रतिमा का शिलायास भी हुआ है। इस जगह विदेशों से बुद्ध धर्म के अनुयायी हमेशा दर्शानार्थ आया करते हैं। पुरातत्व विभाग ने खुदाई में यहां पर बुद्ध धर्म की अर्थकलश इत्यादि प्राप्त की हैं, जो कि संग्रहालय न होने के कारण इस संस्थान पर न रख करके दिल्ली में मंगा लिए गए हैं। मैंने वहां पर एक संग्रहालय निर्मित करने के लिए मानव संसाधान मंत्री जी को अनुरोध किया था, जिस पर यह निर्णय हुआ कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का, 10वीं पंच वर्षीय योजना के दौरान पिपरहवा में एक स्थानीय संग्रहालय स्थापित करने का प्रस्ताव है। प्रधान सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा सचिव (संस्कृति) उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हुयी एक बैठक में निर्णय लिया जा चुका है। जैसा कि माननीय पर्यटन मंत्री जी ने अपने पत्रांक सं0 एफ27-14/2000 एम.1 द्वारा मुझे सूचित किया गया है।

मेरी सरकार से मांग है कि वहां एक संग्रहालय बनाकर खुदाई में पायी गयी चीजों को दर्शाया जाये ताकि वहां आने वाले तीर्थ यात्रियों को इस स्थान की महता का ज्ञान हो सके तथा इस संस्थान को हवाई मार्ग से भी जोड़ा जाये।